# बिहार विधान परिषद्

**सत्र 184 वां**

## शोक – पुस्तिका

**<u>25 नवंबर, 2016</u>**
**2 दिसंबर, 2016**

**श्री अवधेश नारायण सिंह**
सभापति
बिहार विधान परिषद्

<u>**शोक संदर्भ**</u>

1 स्वर्गीय डा. अख्लाकुर्रहमान किदवई
2 स्वर्गीय शफी कुरैशी
3 स्व. (लेफ्टिनेंट जनरल) श्री श्रीनिवास कुमार सिन्हा
4 स्वर्गीय अमरेन्द्र मिश्र
5 स्वर्गीय युवराज सिंह
6 स्वर्गीय जवाहर पासवान
7 स्वर्गीय यदुवंशी राय
8 स्वर्गीय राम इकबाल सिंह 'वरसी'
9 भारतीय सीमा पर शहीद जवान
10 ट्रेन दुर्घटना में लोगों की मृत्यु

## स्वर्गीय डा. अख्लाकुर्रहमान किदवई

24 अगस्त, 2016 को बिहार के पूर्व राज्यपाल, माननीय श्री डा. अख्लाकुर्रहमान किदवई का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 96 वर्ष थी।

श्री किदवई 20 सितंबर, 1979 से 15 मार्च, 1985 एवं 14 अगस्त, 1993 से 26 अप्रील, 1998 तक बिहार के राज्यपाल थे।

वे पश्चिम बंगाल, हरियाणा एवं राजस्थान के भी राज्यपाल थे।

श्री किदवई 2000 से 2004 तक राज्यसभा के सदस्य थे।

श्री किदवई प्रसिद्ध शिक्षाविद् थे। वे संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी रहे।

श्री किदवई ने महिलाओं की शिक्षा के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे कई समितियों एवं संस्थाओं के सदस्य एवं अध्यक्ष भी थे।

श्री किदवई को 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया गया। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय शफी कुरैशी

28 अगस्त, 2016 को बिहार के पूर्व राज्यपाल, माननीय श्री शफी कुरैशी का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 87 वर्ष थी।

श्री कुरैशी 19 मार्च, 1991 से 13 अगस्त, 1993 तक बिहार के राज्यपाल थे।

वे उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश के भी राज्यपाल थे।

श्री कुरैशी 1965 में राज्य सभा के सदस्य बने। वे 1971 एवं 1977 में अनंतनाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। केन्द्र सरकार में वे विभिन्न विभागों के मंत्री भी थे।

श्री कुरैशी जम्मू-कश्मीर के प्रमुख नेता थे। अपने दीर्घ राजनीतिक जीवन में वे कई शिक्षण एवं सामाजिक संस्थानों के सदस्य एवं अध्यक्ष रहे। वे राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष भी रहे। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय (लेफ्टिनेंट जनरल) श्री श्रीनिवास कुमार सिन्हा

17 नवंबर, 2016 को असम एवं जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल, माननीय (लेफ्टिनेंट जनरल) श्री श्रीनिवास कुमार सिन्हा का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 90 वर्ष थी।

श्री सिन्हा 1997 में असम एवं 2003 में जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे।

श्री सिन्हा नेपाल में भारत के राजदूत भी थे।

श्री सिन्हा ने सदैव महत्वपूर्ण पदों पर रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन सफलतापूर्वक किया। सेना में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय अमरेन्द्र मिश्र

19 नवंबर, 2016 को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी, माननीय श्री अमरेन्द्र मिश्र का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 90 वर्ष थी।

श्री मिश्र ने एम.कॉम. तक की शिक्षा प्राप्त की थी।

श्री मिश्र 1972, 1980, 1985 एवं 1990 में राघोपुर निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे।

श्री मिश्र बिहार सरकार में मंत्री थे।

श्री मिश्र कोशी क्षेत्र के विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे। समाज सेवा, अध्ययन एवं खेलकूद में उन्हें विशेष अभिरुचि थी। वे जीवनपर्यन्त कई सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्थानों से संबद्ध रहे। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय युवराज सिंह

30 सितंबर, 2016 को लोकसभा के पूर्व सदस्य एवं स्वतंत्रता सेनानी माननीय श्री युवराज सिंह का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 97 वर्ष थी।

श्री सिंह 1977 एवं 1989 में कटिहार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे।

श्री सिंह 1962, 1967, 1969 एवं 1972 में मनिहारी निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे।

श्री सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

श्री सिंह प्रसिद्ध समाजवादी नेता थे। समाज के कमजोर वर्गों के विकास के लिए वे सदैव प्रयत्नशील रहते थे। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय जवाहर पासवान

29 अगस्त, 2016 को बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य, माननीय श्री जवाहर पासवान का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 80 वर्ष थी।

श्री पासवान 1990 एवं 1995 में चेनारी निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे।

श्री पासवान अपने क्षेत्र की प्रगति एवं विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे थे। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय यदुवंशी राय

12 सितंबर, 2016 को बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य, माननीय श्री यदुवंशी राय का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 63 वर्ष थी।

श्री राय 1995 एवं 2000 में मढ़ौरा निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे।

श्री राय समर्पित समाजसेवी थे। अपने क्षेत्र की प्रगति एवं विकास के लिए वे सदैव प्रयत्नशील रहे थे। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय राम इकबाल सिंह 'वरसी'

10 अक्तूबर, 2016 को बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य, एवं स्वतंत्रता सेनानी माननीय श्री राम इकबाल सिंह 'वरसी' का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 92 वर्ष थी।

श्री सिंह 1969 में पीरो निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे।

श्री सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

श्री सिंह को समाजसेवा में विशेष अभिरुचि थी। स्वर्गीय राम मनोहर लोहिया ने उन्हें 'पीरो के गांधी' की उपाधि दी थी। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## भारतीय सीमा पर शहीद जवान

जम्मू-कश्मीर में भारतीय सीमा पार पड़ोसी देश पाकिस्तान द्वारा आतंकी हमलों में कई जवान शहीद हो गये। शहीद जवानों में कई जवान बिहार के भी थे।

इन जवानों ने सीमा पर देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की बलि दे दी। ऐसी आतंकवादी घटनाओं की हम भर्त्सना करते हैं। जवानों के असामयिक मृत्यु से हम सभी मर्माहत हैं।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## ट्रेन दुर्घटना में लोगों की मृत्यु

20 नवंबर, 2016 को इंदौर से पटना आ रही इंदौर-राजेन्द्र नगर एक्सप्रेस कानपुर के पास पुखरायां में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में सौ से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई और दो सौ से अधिक लोग घायल हो गए। मृतकों में पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे भी हैं।

ट्रेन दुर्घटना में लोगों के असामयिक मृत्यु से हम सभी शोकाकुल हैं।

ईश्वर दिवंगत आत्माओं को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवारों को धैर्य एवं शक्ति दें।